THE LAST FLOWER

James Thurber

The last flower is a classic by the famous American humourist James Thurber.
There is a message of peace in this anti-war book.

आखरी फूल

जेम्स थर्बर

अनुवादः अरविन्द गुप्ता

आखरी फूल अमरीकी व्यंगकार थेम्स थर्बर की एक महत्वपूर्ण कृति है।
जंग, युद्ध और लड़ाई की तबाही को बयान करते हुए इसमें प्रेम और शांति के बीज छिपे हैं।

You all know about the
12th World War.

बारहवें महायुद्ध में क्या हुआ था
उसे आप सभी लोग जानते ही होंगे।

Which destroyed the whole human
civilisation and all culture.

इस युद्ध में मनुष्य की सारी सभ्यता
और संस्कृति खत्म हो गई थी।

Cities and villages disappeared from
the face of the earth.

धरती पर सभी गांवों और शहरों का
नामोंनिशां मिट गया था।

Plantations and forests
were wiped out.

सभी खेत और जंगल पूरी
तरह तबाह हो गए थे।

All parks and gardens
were burned.

सारे बाग-बगीचे उजड़ गए थे।

All artistic artifacts
were destroyed.

और सभी कलाकृतियां
नष्ट हो गयीं थीं।

Men, women and children
became worse than animals.

पुरुषों, स्त्रियों और बच्चों की हालत
जानवरों से भी बदतर हो गई थी।

Because of lack of food and love
even the lowly dogs left their masters.

भोजन और प्रेम के अभाव में कुत्ते भी
अपने मालिकों को छोड़कर चले गए थे।

In the beginning people were terrified even at the sight of rabbits.

शुरू-शुरू में तो लोग बस खरगोश देखकर ही सहम जाते थे।

Books, pictures and songs were banned. People who were doing nothing were thought to be wasting their time.

पुस्तकों, चित्रों और गानों पर पाबंदी थी। आराम कर रहे लोगों को निठल्ला समझा जाता था।

Decades and centuries passed by.

इस तरह तमाम दशक और सदियां बीतीं।

Those generals who escaped death in the last war even forgot who won and who lost.

युद्ध में बचे जनरल अब तक भूल चुके थे कि पिछले युद्ध में कौन जीता, कौन हारा।

Boys and girls were no
more attracted to each other.
Love disappeared from the face of earth.

लड़के-लड़कियां अब एक दूसरे
की ओर आकर्षित नहीं होते थे।
पृथ्वी से प्रेम पलायन कर गया था।

One day a girl saw the
last surviving flower.
She had seen a flower
for the first time.

एक दिन एक लड़की को
बचा हुआ आखरी फूल दिखा।
उसने पहली बार किसी फूल को देखा था।

She told the others that the last
flower was also about to die.

उसने सबसे कहा कि आखरी फूल
भी अब मरने वाला है।

But no one paid any attention to her.
Only one youth paid heed to her.

परंतु किसी ने उसकी बात पर ध्यान नहीं दिया।
सिर्फ एक नवयुवक ने उसकी बात सुनी।

The boy and the girl tended the last flower. Soon the flower blossomed.

दोनों ने मिलकर आखरी फूल की खूब देखभाल की। कुछ दिनों बाद फूल खिलने लगा।

A bee and a bird were attracted to the scent of the flower.

एक मधुमक्खी और एक चिड़िया फूल की महक की ओर आकर्षित हुए।

Look! Two flowers! Four flowers! Lots of flowers!

देखो दो फूल! चार फूल! फूल ही फूल!

Forests and gardens reappeared.

कुछ दिनों बाद पहले जैसे बाग और जंगल उग आए।

The girl became interested in decking and dressing herself.

लड़की को अच्छे कपड़े पहनना और सजना-धजना अच्छा लगने लगा।

Touch made the boy and the girl experience great pleasure.

एक-दूसरे के स्पर्श में लड़के-लड़की को बहुत आनंद का अनुभव हुआ।

Love was reborn in the world.

पृथ्वी पर प्रेम ने दुबारा जन्म लिया।

Their children were healthy and strong. They learnt to laugh and run.

उन दोनों के बच्चे स्वस्थ्य और शक्तिशाली बने। उन्हें दौड़ने और हंसने में मजा आता।

Dogs returned.

भागे हुए कुत्ते अपने घरों में
दुबारा वापस आए।

Some youth discovered that they could keep a brick on brick and build a house.

कुछ नौजवनों ने एक प्रयोग किया।
उन्होंने ईंट पर ईंट रखकर एक घर बनाया।

Soon everyone started building houses.

जल्दी ही सभी लोगों ने घर
बनाने शुरू कर दिए।

These houses turned into villages and cities.

धीरे-धीरे घर गांवों और
शहरों में बदल गए।

Music was born again.

संगीत का पुनर्जन्म हुआ।

Musicians and Magicians

संगीतकार और जादूगर

Tailors and Cobblers

दर्जी और मोची

Artists and Poets

कलाकार और कवि

Soldiers

फौजी सिपाही

Blacksmiths and Carpenters

लोहार और बढ़ई

Lieutenants and Captains

लेफ्टेनेन्ट और कैप्टेन

Generals and Major Generals

जनरल और मेजर-जनरल

And Religious Leaders again became prominent.

और धार्मिक गुरू फिर से ताकतवर नेता बन गए।

For the sake of livelihood a few left in one direction and a few others in the opposite direction.

काम-धंधे की तलाश में कुछ लोग एक दिशा में गए, कुछ और दूसरी दिशा में।

Very soon those who went to the plains started feeling they should have gone to the hills.

कुछ समय बाद जो लोग मैदानी इलाकों में गए उन्हें पहाड़ियां बेहतर लगने लगीं।

Those who went to the hills felt they should have gone to the plains.

और जो लोग पहाड़ियों पर गए उन्हें मैदानी इलाका बेहतर लगने लगा।

In the name of god, religious leaders stoked the fires of discontent.

भगवान के नाम पर धार्मिक नेताओं ने लोगों को एक-दूसरे से लड़ाया।

Once again the world plunged into war.

एक बार दुबारा दुनिया युद्ध की आग में झुलसने लगी।

This time the destruction was almost total.

इस बार तबाही पूरी तरह से हुई।

One man

सिर्फ एक मर्द

One woman

एक औरत

And only one flower remained.

और केवल एक फूल बचा।